Title: Demanded thorough investigation into the matter of disconnecting all the telephone lines in Maharashtra by the Government during the arrest of Shri Bal Thackeray.

श्री चन्द्रकांत खैरे (औरंगाबाद, महाराष्ट्र) : अध्यक्ष महोदय, 25 जुलाई को मुम्बई में जब शिवसेना प्रमुख माननीय बाला साहेब ठाकरे स्वयं गिरफ्तार होने कोर्ट जा रहे थे तो उस समय, हमें ऐसा मालूम पड़ा कि महाराष्ट्र सरकार की तरफ से प्रदेश में सारे टेलीफोन कनेक्शन बंद कर दिए गए। शिवसेना के सांसदों, विधायकों और पदाधिकारियों के तो टेलीफोन कनेक्शन बंद किए ही गए, अन्य जगहों के भी कर दिए गए। उस दिन ढाई घंटे तक ये टेलीफोन बंद रहे। इस बारे में `टाइम्स ऑफ इंडिया` और अन्य अखबारों में भी खबर छपी है। अध्यक्ष महोदय, टेलीफोन तो बंद हुए सो हुए, लेकिन सेल्युलर फोन भी ऑफ कर दिए गए। चाहे वे बी.पी.एल. के हों, एम.टी.एन.एल. को हों या अन्य हों। यह घटना महाराष्ट्र में चिंताजनक परिस्थिति पैदा करती है। उस समय वहां कोई किसी से सम्पर्क नहीं कर सका। हमने भी जब यहां से अपनु चुनाव क्षेत्र में फोन करना चाहा तो नहीं मिला। मैं आपके माध्यम से संचार मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि इस प्रकरण की जांच कराई जाए। केन्द्र सरकार का विभाग है इसलिए टेलीफोन कोई बंद नहीं कर सकता इसलिए इसकी पूरी इन्क्वायरी होनी चाहिए।â€¦(व्यवधान)